# कोठारी इंटरनेशनल स्कूल, नोएडा

## सत्रांत परीक्षा, सत्र-2024-25

### कक्षा: 7 , विषय: हिंदी

**भाग -1 वस्तुनिष्ठ प्रश्न, सेट-'ए'**

**दिन व दिनांक : शुक्रवार - फरवरी 21, 2025**

**अधिकतम अंक : 40** **समय सीमा: 1 घंटा**

**नाम: ________________** **अनुक्रमांक: ________**

---

***सामान्य निर्देश -***

***i) इस प्रश्न पत्र में कुल 8 पृष्ठ हैं और 4 खंड हैं| खंड क-अपठित गद्यांश , खंड ख पठित पद्यांश, खंड - ग व्याकरण और खंड घ - साहित्य है|***

***ii) 8 मुख्य प्रश्न हैं जिसमें प्रश्न 1 में 5 उपप्रश्न , प्रश्न 2 में 3 उपप्रश्न , प्रश्न 3 में 2 उपप्रश्न , प्रश्न 4 में 2 उपप्रश्न , प्रश्न 5 में 5 उपप्रश्न , प्रश्न 6 में 14 उपप्रश्न, प्रश्न 7 में 3 उपप्रश्न , प्रश्न 8 में 5 उपप्रश्न हैं |***

***iii) इसमें प्रश्न -1 के लिए 6 अंक , प्रश्न-2 के लिए 3 अंक, प्रश्न 3 के लिए 2 अंक, प्रश्न 4 के लिए 2 अंक, प्रश्न 5 के लिए 5 अंक, प्रश्न 6 के लिए 14 अंक, प्रश्न 7 के लिए 3 अंक, प्रश्न 8 के लिए 5 अंक निर्धारित हैं |***

***iv) सभी प्रश्नों का उत्तर देना अनिवार्य है |***

***v) प्रश्न पत्र को ध्यानपूर्वक पढ़ लीजिए |***

| | **खंड 'क' अपठित गद्यांश** | **(6अंक)** |
|---|---|---|
| **प्रश्न1)** | **निम्नलिखित गदयांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर पहले तीन प्रश्नों के उत्तर के लिए सही विकल्प चुनिए और प्रश्न 4 और 5 का उत्तर लिखिए -** | |
| | भारत को यदि हम त्योहारों का देश कहें तो अनुचित नहीं होगा \| हमारे देश में वर्ष भर त्योहारों की धूम मची रहती है\| हर बदलते मौसम के साथ ही कोई न कोई त्योहार अवश्य मनाया जाता है\| ये त्योहार एक ओर हमें ऋतु परिवर्तन का संदेश देते हैं, तो दूसरी ओर उसके स्वागत हेतु हममें उत्साह-उमंग का संचार करते हैं\| कुछ त्योहार धार्मिक दृष्टि से महत्त्वपूर्ण हैं\| ये सभी हमें एकता, प्रेम, भाई-चारा एवं सौहार्द का संदेश देते हैं\| वैसे भी हमारे देश में लगभग सभी धर्मों के निवासी हैं\| भारत में सभी धर्मों को सम्मान प्राप्त है\| सभी धर्मों के अनुयायियों को अपने धर्म पालन की पूर्ण स्वतंत्रता है\| यही कारण है कि सभी त्योहारों को पूरा देश मिलजुलकर प्रसन्नता से मनाता है\| हमारे देश के कुछ प्रमुख त्योहार हैं - होली, दीपावली, दशहरा, रक्षाबंधन, जन्माष्टमी, रामनवमी, ईद, क्रिसमस, गुरू पूरब, महावीर जयंती | |

| | | |
|---|---|---|
| | आदि\| दीपावली का त्योहार यदि हल्की ठंडक के साथ आरंभ होकर शीत ऋतु के आगमन की सूचना देता है, तो रामनवमी ग्रीष्मऋतु की सूचना देता है\| मकर संक्रांति एवं लोहड़ी का त्योहार शीत ऋतु की समाप्ति तथा वसंत ऋतु के आगमन का प्रतीक है\| इस प्रकार हर त्योहार किसी न किसी ऋतु के जुड़ा हुआ है\| बच्चों के लिए मनाया जाने वाला त्योहार बाल-दिवस है जो हमारे स्वतंत्र देश के प्रथम प्रधानमंत्री चाचा नेहरू के जन्मदिन के अवसर पर मनाया जाता है\| हमारे तीन राष्ट्रीय त्योहार हैं\| 1-स्वतंत्रता दिवस-यह 15 अगस्त को मनाया जाता है\| सन् 1947 में हमें इसी दिन आज़ादी मिली थी\| 2- गणतंत्र दिवस - 26 जनवरी, 1950 में हमारा संविधान बना था\|<br>3-गांधी जयंती - 2 अक्तूबर\| यह हमारे राष्ट्रपिता बापू को समर्पित है\| इस प्रकार हमारा देश सचमुच ही त्योहारों का देश है\| | |
| i) | **हमारे देश में वर्ष भर किसकी धूम रहती है?**<br>क) मेलों की<br>ख) खेलों की<br>ग) त्योहारों की<br>घ) प्रतियोगिताओं की | **(1)** |
| ii) | **दीपावली का त्योहार हमें किस ऋतु के आगमन की सूचना देता है?**<br>क) हेमंत ऋतु<br>ख) शीत ऋतु<br>ग) ग्रीष्म ऋतु<br>घ) वसंत ऋतु | (1) |
| iii) | **नेहरू जी का जन्मदिन हम किस रूप में मनाते है?**<br>क) स्वतंत्रता दिवस<br>ख) गणतंत्रता दिवस<br>ग) बाल दिवस<br>घ) श्रमिक दिवस | (1) |
| **iv)** | **मकर संक्रांति एवं लोहड़ी का त्योहार किसका प्रतीक है ?** | (1.5) |
| **उत्तर** | ......................................................................................................................................<br>...................................................................................................................................... | |

| | | |
|---|---|---|
| **v)** | **त्योहारों का हमारे जीवन में क्या महत्त्व है?** | (1.5) |
| **उत्तर** | ...........................................................................................................................<br>...........................................................................................................................<br>........................................................................................................................... | |
| | ***खंड 'ख' पठित पद्यांश*** | |
| **प्रश्न2)** | **निम्नलिखित पदयांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर प्रश्नों के उत्तर के लिए सही विकल्प चुनिए -**<br>मैं झिझक उठा , हुआ बेचैन - सा<br>लाल होकर आँख भी दुखने लगी \|<br>मूँठ देने लोग कपड़े की लगे<br>ऐंठ बेचारी दबे पाँव भगी\| | **(1×3=3)** |
| i) | **उपर्युक्त पदयांश के कवि और कविता के लिए सही विकल्प कौन-सा है?**<br>क) रामधारी सिंह दिनकर , भोर और बरखा<br>ख) सर्वेश्वरदयाल सक्सेना, शाम एक किसान<br>ग) भवानीप्रसाद मिश्र , कठपुतली<br>घ) अयोध्या सिंह उपाध्याय 'हरिऔध' , एक तिनका | (1) |
| ii) | **कवि बेचैन क्यों हो उठा?**<br>क) कवि के कान में दर्द था \|<br>ख) कवि की आँख में एक तिनका आ पड़ा \|<br>ग) कवि बीमार था \|<br>घ) कवि के पैर पर पत्थर गिर पड़ा \| | (1) |
| iii) | **कवि की आँख से तिनका निकलने के बाद लोगों ने क्या किया ?**<br>क) कपड़े से आँख साफ़ की \|<br>ख) आँख को पानी से साफ़ किया \|<br>ग) कपड़े की मूँठ दी \|<br>घ) आँख पर पट्टी बाँधी\| | (1) |
| | **खंड 'ग'- व्याकरण** | **26अंक** |
| **प्रश्न3)** | **निम्न वाक्यों में उचित स्थान पर उपयुक्त विराम चिह्न लगाइए -** | **(1×2=2)** |
| i) | रात दिन मेहनत करने पर ही सफलता मिलती है | (1) |
| ii) | रामचरितमानस तुलसीदास जी ने लिखा था | (1) |

| | | |
|---|---|---|
| **प्रश्न4)** | **दिए गए मुहावरों में से किन्हीं दो मुहावरों के अर्थ लिखकर उनका वाक्य में प्रयोग करें -**<br>• आकाश - पाताल एक करना<br>• आग बबूला होना<br>• मुँह में पानी आना | **(1×2=2)** |
| उत्तर i) | ..............................................................................................................<br>.............................................................................................................. | (1) |
| उत्तर ii) | ..............................................................................................................<br>.............................................................................................................. | (1) |
| **प्रश्न 5)** | **कोष्ठक में दिए गए निर्देश के अनुसार उत्तर दें -** | **(1×5=5)** |
| i)<br>उत्तर | 'सुख - दुख' **(समास विग्रह कर समास का नाम बताएँ)**<br>________________________________ | (1) |
| ii)<br>**उत्तर** | इस अस्पताल में मुफ़्त आँखों का इलाज होता है। **(वाक्य को शुद्ध करके लिखिए)**<br>________________________________ | (1) |
| **iii)**<br>**उत्तर** | ( ० ) **( दिए गए विराम चिह्न का नाम बताएँ )**<br>________________________________ | (1) |
| iv**)**<br>**उत्तर** |  **( मुहावरे का नाम बताइए )**<br>________________________________ | (1) |
| v)<br>**उत्तर** | **दादा जी कुम्भ मेला देखने गए। (क्रिया भेद सकर्मक/ अकर्मक लिखें)**<br>________________________________ | (1) |

| प्रश्न6) | **निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर के लिए सही विकल्प चुनिए -** | **(1×14=14)** |
|---|---|---|
| **i)** | **नीचे दिए गए सही युग्मों (जोड़ों) की पहचान कर उचित विकल्प चुनिए -**<br>क) भाषा के शुद्ध रूप का ज्ञान - व्याकरण<br>ख) सरकारी कामकाज की भाषा - मातृभाषा<br>ग) भोजपुरी - एक बोली है<br>घ) ई - मेल - भाषा का लिखित रूप<br>1) केवल क और ख सही हैं<br>2) केवल ख सही है<br>3) केवल क, ग और घ सही हैं<br>4) केवल क और ग सही हैं | **(1)** |
| ii) | **भारत की महिला टीम ने टी -20 में विरोधी क्रिकेट टीम के ..............**<br>क) दाँत तोड़ दिए<br>ख) दाँत खट्टे कर दिए<br>ग) दाँत पीले कर दिए<br>घ) दाँत निकाल दिए | (1) |
| iii) | **यात्री रास्ते में थककर बैठ गया| वाक्य में प्रयुक्त कौन-सा शब्द क्रिया है?**<br>क) रास्ते<br>ख) बैठ गया<br>ग) यात्री<br>घ) में | (1) |
| iv) | **अमृता ने कार्टून फ़िल्म देखी| यह वाक्य क्रिया का कौन - सा भेद है ?**<br>क) अकर्मक क्रिया<br>ख) सकर्मक क्रिया<br>ग) रीतिवाचक<br>घ) द्विकर्मक क्रिया | (1) |
| v) | **वाह ! कितना सुंदर दृश्य है| इस वाक्य में किन विराम चिह्नों का प्रयोग हुआ है?**<br>क) उद्धरण तथा पूर्णविराम<br>ख) योजक तथा प्रश्नवाचक चिह्न<br>ग) विस्मयादिबोधक तथा पूर्ण विराम<br>घ) अल्प विराम तथा प्रश्नवाचक चिह्न | (1) |

| | | |
|---|---|---|
| vi) | **'पुस्तकालय' में कौन - सी संधि है?**<br>क) गुण संधि<br>ख) वृद्धि संधि<br>ग) दीर्घ संधि<br>घ) अयादि संधि | (1) |
| vii) | **नमन अजनबियों से बात करने में झिझकता है \| वाक्य में प्रयुक्त क्रिया तथा काल का उचित विकल्प कौन - सा है?**<br>क) है, वर्तमान काल<br>ख) झिझकता है, वर्तमान काल<br>ग) में , वर्तमान काल<br>घ) नमन , भूतकाल | (1) |
| viii) | **दिए गए विकल्पों में से 'नारीच्छा' का सही संधि विच्छेद कौन - सा है?**<br>क) नर + इच्छा<br>ख) नारी + इच्छा<br>ग) नारि + इच्छा<br>घ) नारि + ईच्छा | (1) |
| ix) | **नीचे दिए गए विकल्पों में 'दीर्घ संधि' का उदाहरण कौन-सा शब्द नहीं है?**<br>क) समयाभाव<br>ख) परीक्षार्थी<br>ग) नदीश<br>घ) नरेश | (1) |
| x) | **असंख्य तारे आसमान में टिमटिमा रहे हैं \| वाक्य में प्रयुक्त कौन - सा शब्द विशेष्य है?**<br>क) आसमान<br>ख) तारे<br>ग) असंख्य<br>घ) टिमटिमा रहे हैं | (1) |
| xi) | **कक्षा में <u>कुछ</u> विद्यार्थी अनुपस्थित हैं \| रेखांकित शब्द विशेषण का कौन - सा भेद है?**<br>**क)** सार्वनामिक विशेषण<br>**ख)** गुणवाचक विशेषण<br>**ग)** परिमाणवाचक विशेषण<br>**घ)** संख्यावाचक विशेषण | (1) |

| | | |
|---|---|---|
| xii) | **'जिसकी उपमा न दी जा सके' वाक्यांश के लिए एक शब्द होगा -**<br>**क)** उपमा<br>**ख)** अनुपम<br>**ग)** अनुराग<br>घ) अनुप्रिया | (1) |
| xiii) | **पंचवटी' सामासिक शब्द का सही समास विग्रह और समास का नाम वाला विकल्प चुनिए-**<br>**क)** पाँच वट वृक्षों का समूह , द्विगु समास<br>**ख)** पाँच बागों का समूह , द्विगु समास<br>**ग)** पाँच झीलों का समूह , द्वंद्व समास<br>**घ)** पाँच वट वृक्षों के लिए , तत्पुरुष समास | (1) |
| xiv) | • **कथन -** घर पर 'नवग्रह' की पूजा की गई \| वाक्य में 'नवग्रह' एक समस्त पद है \|<br>• **कारण -** 'नौ ग्रहों का समूह' का संक्षिप्तीकरण करने पर 'नवग्रह' बनता है और यह द्वंद्व समास का उदाहरण है \|<br>क) कथन गलत है लेकिन कारण सही हैं\|<br>ख) कथन और कारण दोनों गलत हैं\|<br>ग) कथन सत्य है लेकिन कारण गलत हैं\|<br>घ) कथन और कारण दोनों सत्य हैं और कारण कथन की सही व्याख्या करता है\| | (1) |
| **प्रश्न7)** | **सही अथवा गलत लिखिए -**<br>क) वह कमीज़ डालकर ऑफ़िस गया \| (वाक्य शुद्ध है) - ☐<br>ख) 'देवनागरी' संस्कृत और मराठी की लिपि है\| ☐<br>ग) '<u>ईमानदार</u> व्यक्ति' रेखांकित शब्द सार्वनामिक विशेषण है\| ☐ | **(1x3=3)** |
| | **<u>खंड - 'घ' साहित्य</u>** | **(5)** |
| **प्रश्न8)** | **निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर के लिए सही विकल्प चुनिए -** | **(1×5=5)** |
| **i)** | **भोर होने पर गोपियाँ क्या करने लगीं?**<br>क) दही बेचने लगीं<br>ख) दूध निकालने लगीं<br>ग) दही मथने लगीं<br>घ) माखन - रोटी खाने लगीं | (1) |

| | | |
|---|---|---|
| ii) | **पाठ 'रहीम के दोहे' में कवि मनुष्य को धरती से क्या सीख देना चाहते हैं?**<br>क) सुख में खुश होने की<br>ख) आपस में भेदभाव करने की<br>ग) दुख में दुखी होने की<br>घ) सुख - दुख को समान रूप से सहने की | (1) |
| **iii)** | **खानपान की संस्कृति से किस चीज़ को बढ़ावा मिला है ?**<br>क) आतंकवाद<br>ख) राष्ट्रीय एकता<br>ग) सांप्रदायिकता<br>घ) भाषावाद | (1) |
| iv**)** | **लेखिका ने मोर के बच्चे किससे खरीदे?**<br>क) चिड़ीमार<br>ख) पड़ोसी<br>ग) बड़े मियाँ चिड़ियावाले<br>घ) उपहार में मिले | (1) |
| v) | **निम्नलिखित कथन - कारण के लिए उचित विकल्प का चयन कीजिए -**<br>• **कथन - धनराज पिल्लै तुनुकमिज़ाज और आक्रामक स्वभाव के थे।**<br>• **कारण - उन्हें बचपन से ही हर छोटी - बड़ी चीज़ के लिए संघर्ष करना पड़ा ।**<br>क) कथन और कारण दोनों गलत हैं।<br>ख) कथन गलत है लेकिन कारण सही है।<br>ग) कथन और कारण दोनों सही हैं और कारण कथन की सही व्याख्या करता है।<br>घ) कथन सत्य है लेकिन कारण गलत । | (1) |